e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024...13734

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
पश्चिमी चम्पारण।

पटना, दिनांक :– 11/09/2024

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत प्रपत्र–5 के संधारण हेतु आवश्यक विगत सर्वेक्षण खतियान के कैथी भाषा में होने के कारण आने वाली कठिनाईयों को देखते हुए कैथी भाषा से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षा एवं विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार राज्य के अनेक जिलों में विगत सर्वेक्षण मुख्यतः कैडेस्ट्रल सर्वेक्षण का खतियान कैथी भाषा में संधारित है। इस आलोक में राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण अमीनों को कैथी लिपि का ज्ञान नहीं होने के कारण प्रपत्र–5 के संधारण में कठिनाई आ रही है। इस परिपेक्ष्य में निदेशालय द्वारा कैथी लिपि से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण के लिए श्री प्रितम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, मो0 नं0–7054919561 एवं मो0 वाकर अहमद, छपरा, मो0 नं0–7856853190 का चयन किया गया है। इन दोनों प्रशिक्षकों द्वारा राज्य के अलग–अलग प्रक्षत्रों यथा–मिथिला, मगध एवं भोजपुर की पूर्व प्रचलित कैथी लिपि से संबंधित प्रशिक्षण 03 कार्य–दिवसों में दिया जाना है, जिसका विवरण पत्र के साथ संलग्न है।

उक्त के आलोक में प्रक्रमवार जिला स्तरीय प्रशिक्षण देने के क्रम में दिनांक–17.09.2024 से 19.09.2024 तक बन्दोबस्त कार्यालय, पश्चिमी चम्पारण जिले में कैथी लिपि का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बन्दोबस्त कार्यालय, पश्चिमी चम्पारण में पदस्थापित सभी विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं कानूनगो भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जिला बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण कक्ष समेत अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु निर्धारित कक्षावार मानदेय का भुगतान किया जाएगा एवं जिला स्तर पर आवासन एवं खान–पान की व्यवस्था भी बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा की जाएगी।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 11/9/24
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13734......**पटना, दिनांक :**......11/09/2024

प्रतिलिपि : श्री प्रितम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, मो0 नं0–7054919561 एवं मो0 वाकर अहमद, छपरा, मो0 नं0–7856853190 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13734......**पटना, दिनांक :**......11/09/2024

प्रतिलिपि : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी (पश्चिमी चम्पारण को छोड़कर)/सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13734......**पटना, दिनांक:**......11/09/2024

प्रतिलिपि : सहायक निदेशक/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित सभी प्रमंडलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13734......**पटना, दिनांक:**......11/09/2024

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13734......**पटना, दिनांक:**......11/09/2024

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
11/9/2024

प्रशिक्षण कार्यक्रम (कैथी लिपि)

कार्य दिवस	10:30 पूर्वा0 से 12:00 अप0	12:00 अप0 से 01:30 अप0	01:30 अप0 से 2:30 अप0	2:30 अप0 से 4:00 अप0	4:00 अप0 से 5:30 अप0
प्रथम दिन	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)	भोजनावकाश	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)
द्वितीय दिन	कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)		कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)
तृतीय दिन	कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)		कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)

प्रशिक्षक का नाम– 1. श्री प्रितम कुमार
रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी, मो0 नं0–7054919561

2. मो0 वाकर अहमद
छपरा
मो0 नं0–7856853190